### कॉलेज के खेल मैदान से हटाई झाड़ियां

# स्वयंसेवकों को बालश्रम रोकने के कानूनों की दी जानकारी



हिण्डौनसिटी. राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के तहत श्रमदान करते स्वयंसेवक।

**हिण्डौनसिटी @ पत्रिका.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तहत सोमवार को स्वंयसेवकों ने श्रमदान कर परिसर की सफाई सफाई की। साथ की बौद्धिक कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को बालश्रम को रोकने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों यूनिटों के संयुक्त शिविर में छठवे दिन कार्यक्रम अधिकारी उपमा मीणा के निदेशन में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने समूह बना कर श्रमदान किया। महाविद्यालय के गांधी गार्डन से गंदगी, प्लास्टिक, अवांछित झाड़ी, खरपतबार घास एवं कंकण पत्थरों को एकत्रित कर बाहर निस्तारित किया गया। साथ ही मैदान का समतलीकरण किया गया। इसके बाद द्वितीय सत्र में प्राचार्य सुरेश चंद मीणा की अध्यक्षता में 'बाल श्रम एक अपराध' विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मुकेश कुमार गर्ग ने बाल श्रम कराने पर दण्ड, रोकथाम के लिए कानून आदि की जानकारी दी।

साथ ही स्वयंसेवकों को इकोसिस्टम पर्यावरण विषय पर भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार गोयल, डॉ. रितेश जैन ,डॉ श्रीनिवास गुर्जर ,धीरज गोयल , राजकुमारी ,सुश्री गुंजन गोयल, सुश्री शालिनी गुप्ता ,राजू सिंह बेनीवाल ,अभिषेक आदि मौजूद रहे।